स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 21.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

रुबिया और अलबुन निशा ने विधायक को बताया 40 वर्ष हो गये मुझे गैस जलाने नहीं आता सिगड़ी व स्टो से ही गुजारा करती थी आज से मेरे घर में भी गैस आ गया

भिलाईनगर/लोक सुराज अभियान जोन 03 मदर टेरेसा नगर में वार्ड 21,24 एवं 25 के निवासियों के लिए शा.उ.मा.शाला मदरटेरेसा नगर वार्ड 21 में आयोजित किया गया। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण सुबह से ही आवेदकगण उपस्थित हो गये थे। शिविर का समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक निर्धारित है आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार जब तक आवेदकगण उपस्थित रहते हैं तब तक फार्म वितरण कर कार्यवाही की जा रही है। शिविर के दौरान आयुक्त के0एल0 चौहान के पास शिकायत आई कि वार्ड 22 अहमद नगर में वर्षों से नाली उपर अवैध कब्जा किया गया है जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है आयुक्त के निर्देश पर स्वच्छता निरीक्षक अंगीरा शर्मा मौके पर जाकर अवैध कब्जा तोड़फोड़ दस्ते के सहयोग से हटवाया।

वैशाली नगर के विधायक विद्यारतन भसीन वार्ड भ्रमण के दौरान समाधान शिविर में पहुंचकर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के में पात्र 30 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन प्रदान किये । विधायक भसीन के पुछने पर मदर टेरेसा निवासी रुबिया खातुन, अलबुन निशा ने बताया कि अभी तक मैं गैस चुल्हा नहीं जला पायी हूं मेरे बाजी के घर में हैं मैं तो सिगड़ी स्टो पर ही खाना बनाती थी विधायक भसीन ने कहा कि बहन मैं तुम्हारे घर काली चाय पीने जरुर आउंगा। प्रशिक्षण प्राप्त उद्यमी, घरेलु उपयोग के कार्य बिजली कार्य लोगों से आर्डर प्राप्त होने पर घर–घर जाकर सेवाएं देंगे। नर्सिंग कार्य में ट्रेनिंग प्राप्त 14 महिला प्रतिभागी को प्रमाण–पत्र देकर 06 को नौकरी की सुविधा प्रदान की गई। जांच के दौरान सहीं पाये गये 19 हितग्राहियों को बीपीएल राशन कार्ड प्रदान किया गया।

शासन की जनकल्याणकारी योजना सभी के घर में विद्युत का कनेक्शन प्राप्त लाईट हो के तहत् लाभान्वित सौभाग्य योजना अभियान का 14 हितग्राहियों को प्रमाण–पत्र वितरित कर बिजली कनेक्शन प्रदान किया गया। 04 हितग्राही को मजदुर कार्ड, 02 हितग्राही को सिलाई मशीन, 02 हितग्राही को सायकल का प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर लोक सुराज अभियान लक्ष्य समाधान शिविर में आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है आज शिविर के दौरान 28 हितग्राहियों का आधार कार्ड पंजीयन किया गया।

जनसम्पर्क विभाग